## खबर संक्षेप

### उल्लास नवभारत साक्षरता अंतर्गत आयोजित किया गया कार्यक्रम

**शहडोल।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश को शत प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जन जन साक्षर की भावना से वर्ष 2022 से संचालित किया जा रहा है, जो 2027 तक संचालित रहेगा। अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरूआत के संबंध में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्व सहायता समूहों से जुड़ी असाक्षर महिलाओं को बुनियादी साक्षरता से जोडने की पहल प्रांरभ की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर अक्षर साथी के माध्यम से समूहो से जुड़ी असाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता को सुदुढ़ एवं सशक्त करना है। कार्यक्रम में शिक्षित साक्षर दीदीओं एवं अन्य सहभागियों का एप्लीकेशन पर अक्षर साथी के रूप में पंजीकरण एवं सत्यापन करना है। प्रत्येक 10-20 अक्षर दीदीयों के साथ एक अक्षर साथी की मैपिंग सुनिश्चित करना। पहल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त वालंटियर का चिन्हांकन करना है। उल्लास नवभारत साक्षरता अंतर्गत विकासखण्ड गोहपारू के आजीविका मिशन कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कोई भी महिला असाक्षर न रहे विषय पर सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात साक्षर दीदीओं द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। जिला साक्षरता विभाग शहडोल शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदाय कर आजीविका पुस्तकालय लोक अधिकार केन्द्र में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी, अजय सिंह जिला प्रबंधक आजीविका मिशन शहडोल, अजय सिंह परमार जिला सह समन्वययक, परमानंद यादव विकासखण्ड सह समन्वयक एवं समस्त संकुल सह समन्वयक शिक्षक एवं आजीविका मिशन की दीदियां उपस्थित रही।

### वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक 95 वर्ष की आयु में निधन



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 23 के सम्मानित निवासी और सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीशचंद्र सक्सेना का शनिवार 24 जनवरी की सुबह 7 बजे दुखद निधन हो गया। 95 वर्ष की आयु में भी वे अपनी सरलता, कर्मठता और स्नेहपूर्ण स्वभाव के लिए समुदाय में विशेष पहचान रखते थे। अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में उन्होंने मॉडल एवं अर्बन बेसिक स्कूल के साथ-साथ शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में सेवाएं दीं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा और उन्हें एक श्रेष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित शिक्षक के रूप में याद किया जाता रहेगा। वे स्वर्गीय शंकरलाल सक्सेना के जीजाजी भी थे। उनके निधन से शिक्षा जगत और नगर में गहरा शोक व्याप्त है। लालजी तिवारी सहित परिचितों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

### विराट हिंदू महासम्मेलन की तैयारियां तेज, महिलाओं की बड़ी भागीदारी

**धनपुरी।** नगर के बाजार रंगमंच में 27 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू महासम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन स्थल पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की आवाजाही बनी रही। जगह-जगह ध्वज-पताकाएं लगाई गईं, जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। कार्यक्रम के आमंत्रण पोस्टर में भगवान श्रीराम की भव्य छवि प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। तैयारियों के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने सजावट, मंच व्यवस्था और स्वागत प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों का कहना है कि इस बार महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय है, जो सम्मेलन को और अधिक सफल एवं प्रभावी बनाएगी। स्थल पर निरीक्षण के दौरान पूर्व नगर पालिका अधिकारी रविकिरण त्रिपाठी, विनय सिन्हा, मनोज जैन, सनत शर्मा, विनोद शर्मा सहित दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद रहे। सभी ने मिलकर व्यवस्था की समीक्षा की और कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासनिक समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। महासम्मेलन 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जिसके बाद दोपहर 3 बजे से समरसता भोज (भंडारा) का आयोजन प्रस्तावित है। आयोजन समिति का कहना है कि यह सम्मेलन समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और समरसता को सुदृढ़ करने का प्रयास है। स्थानीय नागरिकों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह स्पष्ट दिख रहा है और बाजार क्षेत्र में तैयारियों की चहल-पहल लगातार बढ़ रही है।

## बैठक से बीजेपी पार्षदों का वॉकआउट: कांग्रेसी बने अध्यक्ष की बैसाखियां

# विशेष बैठक में गणतंत्र दिवस के साथ वाटर पार्क पर भी हंगामा

धनपुरी नगर पालिका में गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए बुलाई गई विशेष बैठक उस समय बवाल में बदल गई, जब एजेंडे में शामिल न होने के बावजूद वाटर पार्क का मुद्दा उठा लिया गया। भाजपा पार्षदों ने बैठक में अध्यक्ष पति व सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह छाबड़ा द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी का विरोध किया और इसी के चलते बड़ी संख्या में वॉकआउट कर दिया। वहीं कांग्रेस पार्षद अध्यक्ष के पक्ष में ढाल बनकर खड़े दिखे, जिससे नगर राजनीति में नया समीकरण सामने आया।



शहडोल।

जिले के धनपुरी नगर पालिका की शुक्रवार को बुलाई गई विशेष बैठक परिषद के 3.5 साल के इतिहास की सबसे विवादित बैठक बन गई। बैठक का मुख्य एजेंडा केवल गणतंत्र दिवस रखा गया था, लेकिन वाटर पार्क पर चर्चा शुरू होते ही भाजपा पार्षद आक्रोशित हो गए। उनका आरोप था कि अध्यक्ष पति बैठक में इस तरह हस्तक्षेप कर रहे थे जैसे निर्णय लेने का पूरा अधिकार उन्हीं को हो। भाजपा पार्षदों ने कहा कि न संविधान और न ही अधिनियम उन्हें इस प्रकार का अधिकार देता है कि वे चुने हुए पार्षदों का अपमान करें या उन्हें बैठक से बाहर जाने तक को कहें। माहौल गर्माते ही भाजपा पार्षदों ने एकजुट होकर बैठक का वॉकआउट कर दिया।

### भाजपा पार्षदों ने अपने अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

सत्तारूढ़ दल के पार्षदों द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ इस तरह खुला विरोध पहली बार देखा गया। कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि महीनों से लगातार उनके काम अधर में लटके हुए हैं और जनता का दबाव बढ़ता जा रहा है, लेकिन अध्यक्ष व उनके पति द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। इससे पहले भी अध्यक्ष परिवार कई विवादों में फंस चुका है, पूर्व विधायक से विवाद, आरटीआई मामलों का वायरल होना और गाली-गलौज की रिपोर्ट। शुक्रवार का विरोध संकेत देता है कि भाजपा पार्षद अब खुलकर अध्यक्ष के खिलाफ खड़े होने लगे हैं।

### कांग्रेस की बैसाखियों पर टिकी बीजेपी अध्यक्ष की कुर्सी

सबसे चौंकाने वाली स्थिति तब सामने आई जब भाजपा पार्षदों के विरोध के बीच कांग्रेस पार्षद अध्यक्ष के समर्थन में खड़े हो गए। नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल और उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल पूरी बैठक में शांत बैठे रहे और अध्यक्ष का पक्ष लेते नजर आए। हालांकि कुछ कांग्रेसी पार्षद भाजपा के साथ वॉकआउट कर बाहर निकल गए, लेकिन अधिकांश कांग्रेस पार्षदों का रुख अध्यक्ष के समर्थन में रहा, जिसने नगर की राजनीतिक तस्वीर को और दिलचस्प बना दिया।

### अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा ही अविश्वास लाने की तैयारी में

शुक्रवार शाम तक कोयलांचल में चर्चाएं तेज रहीं कि भाजपा पार्षद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहे हैं। कई पार्षदों ने कहा कि बैठकों में उनके अधिकारों और मान-सम्मान की अनदेखी की जा रही है, जिसे वे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। अंदरखाने चल रही बैठकों और नाराजगी ने अध्यक्ष के भविष्य को सवालों में खड़ा कर दिया है। आने वाले दिनों में यह विवाद सुलझेगा या और गहराएगा, यह अब पार्टी के अंदरूनी फैसलों पर निर्भर करेगा।

### इतिहास में दर्ज हो गए कांग्रेसी

बैठक में 28 में से 23 पार्षद मौजूद थे। इनमें से 12 पार्षदों ने वॉकआउट किया, जबकि 11 पार्षद बैठक में बैठे रहे। बैठक में नारायण जायसवाल (वार्ड 16), संगीता सिंह (वार्ड 9), पूजा कोल (वार्ड 15), रविंद्र कौर छाबड़ा (वार्ड 1), शोभाराम पटेल (वार्ड 2), हनुमान खंडेलवाल (वार्ड 17), आनंद मोहन जायसवाल (वार्ड 18), चंद्रकांता कोलम (वार्ड 26), दिव्या रेखा सिंह (वार्ड 21), चंद्रकला (वार्ड 24), उमा (वार्ड 10) उपस्थित रहे। बैठक में अनुपस्थित सुकृति सिंह (वार्ड 5), गीता कोल (वार्ड 28), विजय यादव (वार्ड 2), उमा चौधरी (वार्ड 10), अशोक भारती (वार्ड 14)रहे। वॉकआउट करने वालो में नईम खान (वार्ड 27), समसुन बेगम-साबिर (वार्ड 23), साजिदा बेगम-आज़ाद (वार्ड 22), जाहिदिना बेगम (वार्ड 19), सरिता दहिया (वार्ड 7), नीतू सोनकर (वार्ड 13), अंशिका विश्वकर्मा (वार्ड 6), प्रवीण भदौरिया (वार्ड 4), स्कंद सोनी (वार्ड 24), रमेश बैगा (वार्ड 25), आनंद कचेर (वार्ड 20), भोला पनिका (वार्ड 12) का नाम शामिल है।

### नाराजगी वाटर पार्क से नहीं

बैठक के बाद माहौल बदल गया। पार्षदों ने साफ कहा कि उनकी नाराजगी वाटर पार्क को लेकर नहीं है, बल्कि उनके मूल विकास कार्य वर्षों से लंबित हैं और जनता उन्हें घेर रही है। पार्षद भोला पनिका ने बताया कि शुरू में उन्होंने केवल एक मुद्दे गणतंत्र दिवस पर चर्चा की बात कही थी, लेकिन अध्यक्ष पति ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जिससे मामला तूल पकड़ गया।

### इनका कहना है...

नगर पालिका के इतिहास में पहली बार 28 वार्डों के 145 विकास कार्यों की संयुक्त सूची तैयार की गई है और बहुत जल्द इन कार्यों की शुरुआत होगी। पार्षदों को इस बारे में जानकारी नहीं थी, इसलिए वे केवल अपने-अपने वार्ड की ही बात कर रहे थे। बैठक में हंगामा जरूर हुआ, लेकिन यह सब परिषद का आंतरिक मामला है।

**सुश्री पूजा बुनकर**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनपुरी

## तैयारियों का फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न

# गांधी स्टेडियम में कलेक्टर फहराएंगे तिरंगा

शहडोल

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर जिला मुख्यालय पूरी तरह देशप्रेम के रंग में सराबोर हो चुका है। आगामी 26 जनवरी को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। प्रशासन ने आयोजन को भव्य और गरिमामयी बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने स्टेडियम पहुंचकर अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।





### सुबह 9 बजे गूंजेगा राष्ट्रगान

गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह का आगाज सुबह ठीक 8:59 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के साथ होगा। 09 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान। 09:05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण। 09:15 बजे मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन। 09:30 बजे शांति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों का गगन में प्रस्थान और भव्य मार्च-पास्ट। 09:50 बजे स्कूली बच्चों द्वारा लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां। 10:20 बजे सरकारी विभागों की उपलब्धियों और योजनाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियां। 10:40 बजे उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मयोगियों और प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान।

### पूर्वाभ्यास में दिखा अनुशासन का दम

अंतिम रिहर्सल के दौरान स्टेडियम का नजारा देखते ही बनता था। पूर्वाभ्यास की मुख्य अतिथि एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग रहीं, जिन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। बैंड की सुरीली धुनों के बीच जिला पुलिस बल, एसएएफ, होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट-गाइड के कैडेट्स ने अपने सधे हुए कदमों से अनुशासन का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने परेड कमांडरों का उत्साहवर्धन करते हुए सुरक्षा और समन्वय की बारीकियों को परखा।

### I उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण का पर्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों और प्रभात फेरियों में बच्चों के हाथ में प्लास्टिक या कागज के झंडे कतई न हों। शिक्षक केवल कपड़े के झंडे ही सुनिश्चित करें। जिले के सभी शासकीय भवनों, ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख चौराहों को रोशनी से नहलाया जाए। फव्वारे चालू रहें और शहर में देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे। ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक झंडा फहराते समय प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन हो। सूर्यास्त से पहले पूरी गरिमा के साथ ध्वज अवरोहण सुनिश्चित किया जाए।

### झांकियों में दिखेगी विकास की झलक

इस वर्ष झांकियों को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि झांकियां केवल खानापूर्ति न हों, बल्कि उनमें सरकार की नीतियों और जिले की उपलब्धियों का जीवंत और आकर्षक चित्रण होना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी फूहड़ता के बजाय लोक संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव की झलक अनिवार्य की गई है। बैठक और रिहर्सल के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एएसपी अभिषेक दीवान सहित जिले का तमाम प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा। शहडोल प्रशासन का दावा है कि इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह जिले के इतिहास में अपनी भव्यता और अनुशासन के लिए याद रखा जाएगा।

# सिर्फ मुनाफा नहीं, भविष्य संवारने में भी आगे एसबीआई



### नौनिहालों की सुविधा के लिए आरएम ने बढ़ाया मदद का हाथ

**शहडोल।** भारतीय स्टेट बैंक शहडोल द्वारा नगर पालिका परिषद शहडोल के वार्ड क्रमांक 27 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व) के अंतर्गत आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र को बच्चों एवं कार्यकर्ताओं की सुविधा हेतु कुर्सी, टेबल, रैक तथा शुद्ध पेयजल के लिए आरओ पानी फिल्टर प्रदान किया गया।

आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक शहडोल के रीजनल मैनेजर राजकुमार मंडल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एसबीआई लोगों के हितार्थ अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन में हमेशा आगे रहता हैं। उन्होंने कहा कि एसबीआई आगे भी सहयोग करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल एवं सहायक संचालक जयंत सिंह ने एसबीआई के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम मे एसएमई ब्रांच के चीफ मैनेजर बालगोविंद साव, आरबीओ की चीफ मैनेजर बॉबी मिंज, एसबीआई मेन ब्रांच के चीफ मैनेजर धीरज कुमार, प्रबंधक भीषम सिंह ,सहायक प्रबंधक हर्षवर्धन मुठे , सहायक प्रबंधक शशि कुमार उपस्थित रहे।

# शहडोल के खेतों में उगेगा लाल सोना

## ड्रैगन फ्रूट से बदलेगी किसानों की तकदीर, सीईओ बोले वरदान बनेगी यह खेती



**शहडोल।** जिले के पथरीले और कम पानी वाले खेतों में अब विदेशी ड्रैगन फ्रूट की लाली दिखाई देगी। पारंपरिक खेती के ढर्रे को तोड़ते हुए जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने जिले के किसानों को आर्थिक आजादी का नया मंत्र दिया है। गोहपारू के हर्राटोला (सुयश फार्म) में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रैगन फ्रूट (पिताया) की खेती केवल फसल नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के सशक्तिकरण का ब्रह्मास्त्र साबित होगी।

### एक बगिया मां के नाम से मिलेगी नई पहचान

सीईओ शिवम प्रजापति ने इस नवाचारी फसल को एक बगिया मां के नाम अभियान से जोड़ते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को न केवल पोषण सुरक्षा देगी, बल्कि उन्हें लखपति बनाने की राह भी प्रशस्त करेगी। इस योजना के तहत लाभार्थियों को एक एकड़ का बगीचा स्थापित करने में मदद दी जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशासन का लक्ष्य साफ है कि खेतों में केवल अनाज ही नहीं, बल्कि हाई वैल्यू फसलें उगाई जाएं जो सीधे बाजार को टक्कर दें।

### 40 किसानों को मिली मॉडर्न फार्मिंग की ट्रेनिंग

कार्यशाला में चयनित 40 से अधिक प्रगतिशील किसानों को खेती की बारीकियां सिखाई गईं। विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि ड्रैगन फ्रूट के लिए किस तरह की सहारा प्रणाली जरूरी है, कैसे जैविक पोषण और सटीक सिंचाई प्रबंधन से उत्पादन को दोगुना किया जा सकता है। साथ ही, लागत-लाभ विश्लेषण के जरिए यह समझाया गया कि कैसे कम मेहनत और कम पानी में किसान लाखों का मुनाफा कूट सकते हैं।

### आजीविका का नया पावर हाउस

जिला पंचायत का यह प्रयास ग्रामीण आजीविका को सशक्त और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। कार्यशाला में जनपद सीईओ सुधीर दिनकर, डॉ. सुनीला कुमारी और देवी भूमि फाउंडेशन के डायरेक्टर यशपाल सहित अन्य विशेषज्ञों ने किसानों का मार्गदर्शन किया। साफ है कि शहडोल अब पुरानी खेती के भरोसे नहीं बैठेगा। नवाचार और तकनीक के दम पर जिला अब पिताया हब बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है।

# शहडोल में वॉश ऑन व्हील से चमचमाएंगे शौचालय

## स्वच्छता साथियों की जेब में खनक रहा रोजगार

**शहडोल।** जिले में स्वच्छता के पुराने ढर्रे को बदलते हुए जिला प्रशासन ने वॉश ऑन व्हील के जरिए एक ऐसी आधुनिक सर्जिकल स्ट्राइक की है, जिसने न केवल गंदगी पर वार किया है, बल्कि ग्रामीण युवाओं के हाथों को सम्मानजनक रोजगार भी सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति के मार्गदर्शन में शुरू हुई यह स्मार्ट सेवा अब शहडोल के ग्रामीण अंचलों की सूरत बदल रही है।

### एक क्लिक पर घर पहुंचेगा स्वच्छता दस्ता

अब शौचालय की सफाई के लिए न तो नाक सिकोडऩे की जरूरत है और न ही किसी की मिन्नतें करने की। वॉश ऑन व्हील सेवा ने इसे पूरी तरह ऑन-डिमांड बना दिया है। जिला समन्वयक दिनेश मिश्रा के अनुसार, यह व्यवस्था मोबाइल ऐप के जरिए संचालित हो रही है। जैसे ही कोई नागरिक या संस्था प्रमुख सफाई के लिए रिक्वेस्ट भेजता है, ट्रेंड स्वच्छता साथी अपनी अत्याधुनिक मशीनरी के साथ दरवाजे पर दस्तक दे देते हैं। मांग और पूर्ति के इस हाईटेक सिद्धांत ने जिले में स्वच्छता के प्रति नजरिया बदल दिया है।



### 1.16 लाख से ज्यादा का कारोबार

यह सिर्फ सफाई का अभियान नहीं, बल्कि एक सफल बिजनेस मॉडल बनकर उभरा है। अब तक जिले के स्वच्छता साथियों ने अपनी मेहनत और पसीने से 1 लाख 16 हजार 508 रुपये की कमाई कर यह साबित कर दिया है कि गंदगी दूर करने का काम भी सम्मानजनक स्वरोजगार हो सकता है। अब तक प्राप्त 1049 मांगों में से 672 सेवाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

### अब शत-प्रतिशत का लक्ष्य

प्रशासन ने जिले के 5 ब्लॉकों को 29 क्लस्टरों में बांटकर 802 गांवों को इस नेटवर्क से जोड़ दिया है। वर्तमान में 36 ऑनबोर्ड स्वच्छता साथियों में से 23 को पूरी तरह प्रशिक्षित कर सेक्टर अलॉट कर दिए गए हैं। लक्ष्य बड़ा है, अगले महीने तक शेष 6 सेक्टरों को सक्रिय कर जिले के शत-प्रतिशत गांवों में वॉश ऑन व्हील का डंका बजाना है। साफ है कि शहडोल अब केवल नारों में नहीं, बल्कि जमीन पर मशीनों की गूंज और युवाओं के स्वावलंबन से स्वच्छ बन रहा है। प्रशासन की यह आक्रामक पहल उन लोगों के लिए कड़ा संदेश है जो स्वच्छता को केवल सरकारी औपचारिकता समझते थे।

# गणतंत्र दिवस पर बरगवां नगर परिषद का सद्भावना समारोह

**हितग्राहियों को बांटे जाएंगे प्रमाण-पत्र**

**अमलाई।** बरगवां नगर परिषद द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर इस वर्ष विशेष समरसता भोज एवं लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नगर परिषद परिसर में 26 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे होने वाले इस आयोजन में शहर के विकास, सामाजिक समरसता और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार होंगे, जिनकी उपस्थिति में नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख जनकल्याण योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में सांसद हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहू लाल सिंह, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतैल तथा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद बरगवां (अमलाई) की अध्यक्ष गीता गुप्ता करेंगी, जबकि उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी सह-अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम संचालन में मौजूद रहेंगे। परिषद ने सभी पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति को अनिवार्य बताया है और आम नागरिकों को भी कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने और योजनाओं की पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

## खबर संक्षेप



### उफरी में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश संगोष्ठी संपन्न

उमरिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के सेक्टर करकेली स्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उफरी द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत कार्यालय ग्राम पंचायत भवन उफरी में संगोष्ठी का आयोजन सरपंच कौशल्या भाई कोल के मुख्यातिथ्य में व नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन अध्यक्ष दीपक नामदेव द्वारा परिषद की रूपरेखा व कार्यों के बारे में बताया गया तथा कहा कि जरूरतमंद पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ जोडऩा ही इस अभियान का उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपसरपंच जयभान सिंह, पंचायत सचिव सुदामा कोल, परामर्शदाता सुनीता सिंह, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अध्यक्ष रवि सिंह, सचिव मोलई कोल, सदस्य ज्योति कोल, अवधेश सेन, सीएमसीएलडीपी छात्र - शुभी द्विवेदी, मालिका, शमशाद बानो, कोमल सिंह, गोविंद रैदास, अंकित बर्मन, सुशील सिंह, सोनू रैदास, पंच - रेवा सिंह, मोहित सिंह, गीता बाई कोल सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर आयोजित होगा भारत पर्व कार्यक्रम

उमरिया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर संध्या कालीन भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन उमरिया में सायं 6 बजे से किया जाएगा। भारत पर्व कार्यक्रम में राधारानी,देशभक्ति गीत, चुन्नीलाल बैतूल के 6 सदस्यीय टीम व्दारा तथा बैगा लोक नृत्य पद्मश्री अर्जुन सिंह डिंडोरी की 13 सदस्यीय टीम व्दारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगे। साथ ही वंदेमातरम चित्र प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### आमाडांड गांव में खण्डर मकान में मादा भालू ने जन्मे शावक, वनविभाग कर रहा निगरानी

अनूपपुर। कोतमा इलाके के आमाडांड गांव में विगत दिनों एक मादा भालू ने एक खंडहर घर के अंदर दो शावकों को जन्म दिया जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिए जाने पर वन विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है। इस संबंध में परिक्षेत्र सहायक मलगा राजमणि सिंह ने बताया कि वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत आमाडांड गांव में स्थित ग्राम पंचायत भवन के पास एक खंडहर घर जिसमे कई कमरा के घर के अंदर विगत दिनों एक मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया। ग्रामीण जनों द्वारा मादा भालू को खंडहर घर के अंदर जाते देखा तथा कौतूहल वश अंदर जा कर देखने पर भालू के बच्चों की आवाज सुनाई दिए जाने पर वन विभाग को सूचना दी गई बीट प्रभारी मलगा दादूराम कुशवाहा वन विभाग की कर्मचारियों एवं सुरक्षाश्रमिकों के साथ स्थल का निरीक्षण कर भालू के द्वारा दिए गए जन्म के स्थल को सुरक्षित किया गया तथा निरंतर निगरानी की जा रही है। इस बीच 21 जनवरी की दोपहर पंचायत भवन आमाडांड के समीप एक भालू द्वारा आमाडांड निवासी 40 वर्षीय मुकेश पिता मोहन केवट पर हमला कर घायल किए जाने पर पीड़ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाकर उपचार कराया मादा भालू के खंडहर घर में बच्चों को जन्म देने से ग्रामीणों में कौतूहल का विषय बना हुआ है।

## 8 की अनुमति पर काट डाले 60 पेड़, नौरोजाबाद रेंजर पर गंभीर आरोप

# खाकी की सरपरस्ती में खैर का सफाया





**उमरिया। जिले के नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र में इन दिनों रक्षक ही भक्षक वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। वन विभाग के आला अधिकारियों और लकड़ी तस्करों के बीच पनपे नापाक गठबंधन ने सरकार के हरित संरक्षण अभियान की धज्जियां उड़ा दी हैं। ताजा मामला कल्दा ग्राम पंचायत का है, जहां आठ पेड़ों की कटाई की आड़ में 60 कीमती खैर के वृक्षों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। सनसनीखेज बात यह है कि इस पूरे खेल के पीछे नौरोजाबाद परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी की तस्करों से कथित जुगलबंदी के प्रमाण सामने आ रहे हैं।**

### तस्करों का सेफ हाउस बना रेंजर बंगला

अनूपपुर जिले के कुख्यात लकड़ी तस्कर शाबिर और मुस्ताक का नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र में सिक्का चलता है। चर्चा तो यहां तक है कि साहब की कृपा दृष्टि तस्करों पर इस कदर मेहरबान है कि रात के अंधेरे में तस्करों की गाडियां ही नहीं, बल्कि खुद तस्कर भी रेंजर बंगले की शोभा बढ़ाते देखे जाते हैं। खबर है कि लगभग एक माह पूर्व मुख्य सरगना शाबिर को रात के सन्नाटे में रेंजर पीयूष त्रिपाठी के बंगले पर गुफ्तगू करते देखा गया था। क्या एक जिम्मेदार अधिकारी का तस्करों के साथ इस तरह का मेल-मिलाप भ्रष्टाचार की कहानी बयां नहीं करता?

### 8 की परमिशन, 60 की बलि

खैर की लकड़ी की तस्करी का यह तरीका बेहद शातिर है। शाबिर खान ने कल्दा ग्राम के संग्राम सिंह के नाम पर ग्राम पंचायत से महज 8 वृक्ष काटने की अनुमति ली, लेकिन रेंजर और उनके तंत्र के वरदहस्त से देखते ही देखते 60 पेड़ों का कत्लेआम कर दिया गया। ताज्जुब की बात यह है कि लकड़ी का यह जखीरा वन विभाग के कर्मचारियों के आवासों और कार्यालय के ठीक बगल में इस तरह जमा किया गया था, मानो यह विभाग की देखरेख में चल रहा कोई वैध प्रोजेक्ट हो। मातहत कर्मचारी सब जानते हुए भी ऊपर के दबाव में चुप्पी साधे रहे।

### राजस्व भूमि का बहाना

जब मामला उजागर हुआ और दबाव बढ़ा, तो परिक्षेत्राधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने अपना पल्ला झाड़ते हुए इसे राजस्व सीमा का मामला बता दिया। सवाल यह उठता है कि क्या राजस्व भूमि पर हो रही अवैध कटाई और तस्करी को रोकना वन विभाग की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है या फिर राजस्व क्षेत्र का नाम लेकर तस्करों को सुरक्षित गलियारा प्रदान किया जा रहा है।

### जांच के घेरे में साहब

इस पूरे प्रकरण पर अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप त्रिपाठी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले को संदिग्ध मानते हुए इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने अब तक अवैध रूप से काटी गई खैर की करीब 20 चट्टा लकड़ी जब्त कर उमरिया डिपो भिजवा दी है। हालांकि, इस पूरे मामले पर वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई, जिससे विभाग की मंशा पर सवाल और गहरे हो गए हैं।

## तीन बड़ी दुकानों पर छापा, फिर सैटिंग के खेल में दफन हुआ मामला

# पाली में नकली बीड़ी का काला खेल

**उमरिया। बिरसिंहपुर पाली नगर के व्यापारिक गलियारों में इन दिनों नकली के कारोबार ने हडक़ंप मचा रखा है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर जहर बेचने का धंधा बिरसिंहपुर पाली की तीन प्रतिष्ठित दुकानों में बेधडक़ संचालित हो रहा था। जब कंपनी के कर्मचारियों ने खुद दबिश दी, तो भारी मात्रा में नकली बीड़ी का जखीरा बरामद हुआ, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस गंभीर अपराध को पुलिस की चौखट तक ले जाने के बजाय बंद कमरों में समझौते की चादर ओढ़ाकर दबा दिया गया। सवाल यह उठता है कि क्या रसूखदार दुकानदारों के सामने कानून बौना साबित हो रहा है।**



### नामी ब्रांड की आड़ में ग्राहकों से धोखाधड़ी

खबर है कि एक नामी बीड़ी कंपनी को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि पाली क्षेत्र में उनके ब्रांड का डुप्लीकेट माल धड़ल्ले से खपाया जा रहा है। कंपनी के सतर्कता दल ने जब नगर की तीन नामी किराना दुकानों में औचक निरीक्षण किया, तो होश उडऩे वाले तथ्य सामने आए। बीड़ी के पैकेट, लेबल और होलोग्राम की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि यह माल कंपनी का है ही नहीं। नकली को असली बताकर उपभोक्ताओं की जेब काटी जा रही थी और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था।

### आपसी सहमति या भ्रष्टाचार की भेंट

इस पूरे प्रकरण का सबसे शर्मनाक पहलू यह रहा कि नकली माल पकड़े जाने के बाद कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। बताया जा रहा है कि कंपनी के कर्मचारियों और उन रसूखदार दुकानदारों के बीच घंटों चली गुपचुप बातचीत के बाद मामला रफा-दफा कर दिया गया। आखिर वह क्या मजबूरी थी कि कंपनी ने इतना बड़ा अपराध पकडऩे के बावजूद कानूनी कार्रवाई से मुंह मोड़ लिया, क्या इस समझौते के पीछे कोई बड़ा आर्थिक लेन-देन हुआ है, यह चर्चा अब नगर के चौक-चौराहों पर आम हो गई है।

### प्रशासन पर खड़े हुए गंभीर सवाल

जब कंपनी के कर्मचारी खुद नकली माल पकड़ सकते हैं, तो स्थानीय पुलिस, खाद्य विभाग और वाणिज्यिक कर विभाग का सूचना तंत्र इतना खोखला क्यों है, क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े धमाके का इंतजार कर रहे हैं। नकली बीड़ी के इस सिंडिकेट से न केवल सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लग रहा है, बल्कि यह संगठित अपराध को भी बढ़ावा दे रहा है।

### बेनकाब हों नकली के सौदागर

नगरवासियों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर प्रतिष्ठित दुकानें ही नकली माल बेचेंगी, तो आम आदमी किस पर भरोसा करेगा। स्थानीय जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन उन तीन दुकानों के नाम सार्वजनिक करे और इस पूरे सेटलमेंट के खेल की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिा।** बसंत पंचमी के अवसर पर अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरुआत पहल के संबंध में जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि एसआरएलएम द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वसहायता समुहों से जुडी असाक्षर महिलाओं को बुनियादी साक्षरता से जोडनें हेतु अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरुआत पहल प्रारंभ की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर अक्षरसाथी के माध्यम से समुहों से जुडीं असाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता को सुदृढ एवं सशक्त करना है।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने कोई भी महिला असाक्षर ना रहे विषय पर निर्धारित शिक्षा शपथ प्रारूप अनुसार सामुहिक रूप से शपथ दिलाई गई।

सीईओ जिला पंचायत द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से जिले में राज्य से निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिये सभी अक्षर दीदीयों सहसमन्वयकों को निर्देशित किया गया साथ ही साक्षरता कक्षाओं के नियमित संचालन के निर्देश दिये गये।

जिला परियोजना समन्वयक द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता के संबंध में अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही सीईओ द्वारा दिए गए निर्देश के अनुक्रम में सर्वे,मॉनीटरिंग, अक्षरसाथी प्रगति, एसआरएलएम एवं अन्य विभाग के सहयोग व आगामी रणनीति पर चर्चा करते हुये आगामी परीक्षा का लक्ष्य 60000 पूरा करने के निर्देश दिये गये। जिला सहसमन्वयक साक्षरता द्वारा अक्षरसाथी पंजीयन अक्षरकोठी पठन-पाठन व अन्य समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया।

बैठक के दौरान बसंत पंचमी के अवसर पर प्रथम पाठ्यक्रम का औपचारिक रौल आउट टीएलएम के माध्यम से प्रदीप त्रिपाठी द्वारा विस्तार से प्रस्तुति करण दिया गया। रविशंकर मिश्र, रावेंद्र प्रताप सिंह विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता द्वारा एनआईएलपी 1 असाक्षरों का पंजीयन अक्षरपौथी एवं विविध उपलब्ध वीडियों दिखाया गया। साक्षर दीदीयों द्वारा अनुभव साझा कर संवाद के माध्यम से उत्साह पूर्ण वातावरण में एनआईएलपी अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर करने का संकल्प लिया गया।

# मां नर्मदा की शोभा यात्रा में आस्था, उमंग और उत्साह का उमड़ा जन-सैलाब







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2026 अंतर्गत पवित्र नगरी अमरकंटक में आज मां नर्मदा के उद्गम स्थल मंदिर से मां नर्मदा की सुसज्जित झांकी की शोभायात्रा से दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर माँ नर्मदा मन्दिर, उद्गम स्थल एवं मंदिर परिसर को पुष्पों एवं रंगोलिया से आकर्षक ढंग से सजाया, संवारा गया है। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल नर्मदा मंदिर से नर्मदा की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें माँ नर्मदा को फूलों से सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया था। शोभा यात्रा में साधु संतों का महात्मा श्रद्धालु और भक्तों ने मां नर्मदा का योगदान किया।**

### स्थानीय जनजातीय दलों ने बिखेरी अनुपम छटा

मां नर्मदा की शोभायात्रा में स्थानीय जनजातीय दलों ने कला संस्कृति की अनुपम छठा बिखेरी। जनजातीय कला के लोक नृत्य कर्मा, सैला, गुदुम बाजा दलों ने ढोल, नगाड़ा, टिमकी, बांसुरी, मंजीरा, चटकोला आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। शासन की मंशानुरूप मां नर्मदा की शोभा यात्रा की सवारी में जिले के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर सवारी को शोभायमान कर दिया। मां नर्मदा की पालकी जैसे ही अमरकंटक के प्रमुख मार्गो में पहुंची, जगह-जगह खड़े श्रद्धालुओं ने "नर्मदे हर एवं त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे" की जय घोष के साथ मां नर्मदा पर पुष्प-वर्षा की गई। यात्रा में भजन मंडलियों द्वारा आकर्षक नृत्य और भजनों की प्रस्तुति दी गई। सवारी में सैकड़ों की संख्या में भक्त झांझ, मंजीरे, ढोल और भगवान का प्रिय वाद्य डमरू बजाते हुए पालकी के साथ उत्साहपूर्वक आराधना करते हुए चले। श्रद्धालुओं ने सुगमतापूर्वक मां नर्मदा के दर्शन लाभ लिए। मां नर्मदा की शोभा यात्रा पंडित दीनदयाल चौक, थाना परिसर एवं बस स्टैंड होकर वापस नर्मदा मंदिर पहुंची, जहाँ नर्मदा नदी के जल से मां नर्मदा का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया गया। शोभायात्रा में बैण्ड पार्टी के साथ ही नर्मदे हर का उदघोष करते श्रद्धालु भक्तों ने उत्साह, उमंग के साथ सहभागिता की। शोभा यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। माँ नर्मदा मंदिर परिसर से निकाली गई शोभायात्रा में विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक चैन सिंह परस्ते सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, व्यापारी, जनप्रतिनिधिगण, परिक्रमावासी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, विभिन्न आश्रमों, मंदिरों के साधु-संत, पुजारी, महिलाएं, युवाजन, श्रृद्धालु तथा पत्रकार शोभायात्रा में शामिल रहे।

### द्वितीय दिवस आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा जयंती के अवसर पर अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2026 के द्वितीय दिवस 25 जनवरी 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे मां नर्मदा जन्मोत्सव पूजन, दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं भण्डारा, शाम 6:45 बजे मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती, शाम 7:15 बजे रामघाट अमरकंटक में मां नर्मदा महाआरती का आयोजन होगा तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या अंतर्गत "हर हर शंभू शिव महादेवा" फेम मशहूर गायक अभिलिप्सा पांडा द्वारा भक्ति गीतों की विशेष प्रस्तुति रामघाट के उत्तर तट में दी जाएगी। आयोजन में नागरिकों, श्रृद्धालुओं तथा पर्यटकों से सहभागिता करने की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

## पवित्रता और आध्यात्मिकता की पर्याय माँ नर्मदा

### आम्रकूट फिर अमरकंठ और अब अमरकंटक हुआ नाम

### मां नर्मदा के कंकर ही शंकर है

ब्यूरो, मनोज शुक्ला



अनूपपुर। भारत के पर्यटन स्थलों में अमरकंटक प्रसिद्ध तीर्थ और नयनाभिराम पर्यटन स्थल है। विंध्य और सतपुडा पर्वतमालाओं के बीच 1065 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह हरा-भरा होने के साथ-साथ काफी लुभावना भी है। भगवान शिव की पुत्री नर्मदा का नदी के रुप में उद्गम अमरकंटक से होता है। अमरकंटक मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित हिंदुओं का पवित्र तीर्थ स्थल है। मां नर्मदा का अवतरण आम्रकूट में हुआ पुराणों में यह उल्लेख मिलता है अमरकंटक का नाम पहले आम्रकूट था फिर अमरकंठ और अब अमरकंटक हुआ अमरकंटक का पूरा तात्पर्य यह हुआ की प्राणी का दुख हरने वाली का मां नर्मदा मां नर्मदा का जन्म माघ मास की शुक्ल पक्ष की अचला रथ सप्तमी को दोपहर 12 बजे हुआ था ऐसा पुराणों में उल्लेख मिलता है मां नर्मदा एकमात्र ऐसी नदी है मां नर्मदा जिनकी परिक्रमा की जाती है और पूरब से निकलकर पश्चिम की ओर बहती हैं मां नर्मदा के कंकर ही शंकर कहलाते हैं तभी तो तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में मानस में मां नर्मदा के बारे में लिखा हैं शिवपप्रिया में कल सेल सूताशी। सकल सिद्धि सुख संपत्ति राशि। मां नर्मदा इस काली काल में सभी को सिद्धि प्रदान करती हैं और सुख प्रदान करती हैं सभी साधु संत परिक्रमा वासी मां नर्मदा की निरंतर पूजन अर्चन करते रहते हैं और अपने जीवन को धन्य बनाते हैं पंडित उमेश द्विवेदी (बंटी महराज) अमरकंटक ने बताया कि रेवा तटे तपं कुर्यात भगवान शंकर की साक्षात तपस्या ही मां नर्मदा के रूप में अवतरित हुई बिषपान के पश्चात भगवान शंकर के शरीर से पसीने के रूप में मां नर्मदा का अवतरण हुआ रुद्र श्वेत समूह भवा श्री मां नर्मदा तभी तो तुलसीदास जी ने अपने ग्रंथ रामचरितमानस में मां नर्मदा के बारे में कहा कि कहा कि शिवप्रिया में कल सेल सुताशी। सकल सिद्धि सुख संपत्ति राशि। नर्मदा नदी अनूपपुर जिले के अमरकंटक से 1051 मीटर की ऊंचाई से निकलकर भडोच के निकट खंभात की खाड़ी में गिरती है। इसकी कुल लंबाई 1312 किमी है। यह 1077 किमी तक मध्यप्रदेश के मण्डला, जबलपुर, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, खंडवा, खरगौन जिलों से होकर बहती है। इसके बाद 74 किमी तक महाराष्ट्र को स्पर्श करती हुई बहती है। नर्मदा जहां भौतिक मनोकामनाओं को पूर्ण करने में सक्षम है, वहीं मोक्षदायिनी होकर अपने भक्ति-मुक्ति प्रदायक स्वरूप को सार्थक करती है। यह वास्तविक अर्थों में मध्यप्रदेश की जीवन-रेखा है। आज भी इसके मानव तटों पर अनेक स्थानों पर मेले आयोजित होते हैं। जिनमें लोग बड़ी श्रद्घा से पवित्र भावना से कोसों दूर से साष्टांग दण्डवत करते हुए आते हैं और पवित्र उद्गम स्थली नर्मदा कुण्ड में स्नान करके अपने जीवन को धन्य बनाते हैं।

# कोतमा पुलिस द्वारा अवैध पशु तस्करी करने वालों पर की गई प्रभावी कार्यवाही

**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को पशु तस्करों पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल व उनकी टीम के द्वारा पशु तस्करों के विरूध्द बड़ी कार्यवाही की गई है। 23 जनवरी को थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग के पिकप वाहन में क्रूरता पूर्वक मवेशी भैंस पडा लोड कर लामाटोला तरफ से बोडरी तरफ ले जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम खोडरी तिराहे पर नाकाबंदी लगाकर उक्त पिकप वाहन को रूकाने का प्रयास किया गया जो नही रूका जिसका पीछा कर उक्त पिकप वाहन को बोड़री जैताबहरा के जंगल वाले रास्ते से 05 व्यक्तियों के साथ पिकप में लोड मवेशियों के साथ पकड़ा गया। नाम पता पूछनें पर आरोपियों ने अपना नाम गोपाल चन्द्रा पिता ध्यान सिंह चन्द्रा उम्र 35 वर्ष निवासी अमेरा टिकरा थाना मरवाही जिला जीपीएम (छ.ग.),



योगेश यादव उर्फ लल्लू पिता सुन्दरलाल यादव उम्र 40 वर्ष निवासी बमरौध थाना कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.), हीरू लाल जयसवाल पिता सीताराम जयसवाल उम्र 35 साल निवासी दरसिला थाना जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.), लाला नामदेव पिता नरवर नामदेव उम्र 60 साल बंधवाटोला थाना कोतमा, जितेन्द्र कचेर पिता राहुल कचेर उम्र 18 वर्ष निवासी लामा टोला थाना कोतमा का होना बताये। पिकप में देखने पर आरोपियों द्वारा 03 नग भैस, 01 नग पड़ा, 01 नग पहरू को क्रूरता पूर्वक बांधकर लोड कियें थे जिन्हे उनके कब्जे से जप्त किया गया एवं पूछतांछ पर एक दिन पहले भी इसी तरह से 05 नग मवेशी (भैस पड़ा) पिकप वाहन से लाकर रज्जू पाव निवासी जैताबहरा के घर के पास जंगल में पेड़ के नीचे बांधना बतायें जिन्हे रज्जू पाव के घर के पास से मुक्त कराया गया। इस तरह पुलिस द्वारा कुल 10 मवेशी (भैंस पड़ा) कीमती करीबन 400000/- एवं पीकप वाहन कीमती करीबन 400000/- को जप्त किया गया गया। उक्त मवेशियों को सारंगगढ गौशाला में सुरक्षार्थ रखाया गया है। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि आरिफ खान एवं अल्फैज खान निवासी गण झीकबिजुरी तथा नीलू उर्फ निलेश पान्डेय निवासी बोडरी के द्वारा पैसे लगाकर भैंस पड़ा छत्तीसगढ़ से खरीदवा कर पिकप से मंगवाये जाते हैं। तथा फिर इन मवेशियों को बोडरी तथा जैताबहरा के जंगल में इकट्ठा कर बाद में इन्हें बड़ी गाड़यिों से बाहर बूचड़खानों में भेजा जाता है। आरोपी योगेश उर्फ लल्लू यादव के मोबाइल फोन में पशु तस्करी के संबंध में आरोपी नीलू उर्फ निलेश पान्डेय की बातचीत का रिकॉर्ड मिला है। इस प्रकार आरोपीगण 1. गोपाल चन्न्द्रा पिता ध्यान सिह चन्दा उम्र 35 वर्ष निवासी अमेरा टिकरा थाना मरवाही जिला जीपीएम (छ.ग.). 2. योगेश यादव उर्फ लल्लू पिता सुन्दरलाल यादव उम्र 40 वर्ष निवासी खमरौध थाना कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.), 3.हीरू लाल जयसवाल पिता सीताराम जयसवाल उम्र 35 साल निवासी दरसिला थाना जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.). 4. लाला नामदेव पिता नरवर नामदेव उम्र 60 साल बधवाटोला थाना कोतमा, 5. जितेन्द्र कचेर पिता राहुल कचेर उम्र 18 वर्ष निवासी लामा टोला थाना कोतमा। 6. रज्जू पाव निवासी जैताबहरा थाना जैतपुर जिला शहडोल। 7. आरिफ खान निवासी झीकविजुरी थाना जैतपुर जिला शहडोल।8. अल्फैज खान निवासी झीकबिजुरी थाना जैतपुर जिला शहडोल। 9. नीलू उर्फ निलेश पाण्डेय निवासी बोडरी के विरूध अपराध धारा 11 (1) घ पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनिमय एवं 6, 6 (क), 6 (ख) (1), 9(1), 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त प्रकरण में 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के साथ प्र0 आर0 दिनेश राठौर, प्र0आर0 ज्ञानेन्द्र पासी, आर0 अनिल मरावी , आर0 इस्तयाक खान की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

उमरिया। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का मुख्य समारोह स्थानीय अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड मे प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ध्वजारोहण करेगे तथा परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में संपन्न हुई। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। परेड दल व्दारा मार्च पास्ट व्दारा तिरंगे झंडे तथा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज , सीएमओ किशन सिंह, परेड कमांडर, एसडीओपी उमरिया नागेंद्र सिंह चौहान,सुशील मिश्रा सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। रिहर्सल कार्यक्रम में पीटी, परेड,सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल की गई।

### आनंद उत्सव के तहत ग्राम मलहदू में कार्यक्रम संपन्न



उमरिया। ग्राम पंचायत मलहदू, विकासखंड पाली में आनंद उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर कबड्डी, कुर्सी दौड़, 100 मीटर की दौड़,रस्सा खींच,बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा स्थान रखने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान से अजीत महतो , मास्टर ट्रेनर संजय पांडेय, कुसुम पाठक आनंदम सहयोगी गणेश द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक पुष्पा तेकाम, नोडल अधिकारी रानू गुप्ता, प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर उमरिया अरनोद कुमार शुक्ला,सरपंच ग्राम पंचायत मलहदू,अन्य जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक,ग्रामवासी व आसपास के विद्यालयों के बच्चे उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया। फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कृष्णा गार्डन में संपन्न हुआ । प्रशिक्षण के माध्यम से एमडीए अभियान की रूपरेखा, महत्व, दवा सेवन की प्रक्रिया एवं फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । प्रशिक्षण सत्र में पवन मेहरा, सलाहकार,भारत सरकार एवं डॉ. व्ही एस चंदेल सी एम एच ओ दवारा फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा इसके स्थायी उन्मूलन में एमडीए अभियान की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर, लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जिसके उन्मूलन के लिए सभी पात्र व्यक्तियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसमें सुपरवाइजरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि उमरिया जिले के पाली विकासखंड में 10-24 फरवरी 2026 तक एमडीए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमें घर-घर जाकर लक्षित जनसंख्या को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की गोली के सेवन से मानव शरीर में उपस्थित फाइलेरिया के कृमि नष्ट हो जाते हैं, जिससे यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। दवा सेवन के पश्चात कृमियों के नष्ट होने के कारण बुखार, उल्टी, सिरदर्द या चक्कर जैसे हल्के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जो अस्थायी होते हं और कुछ समय में स्वयं समाप्त हो जाते हैं। फाइलेरिया से बचाव के लिए डी.ई.सी. की सालाना खुराक सभी पात्र व्यक्तियों को लेना अनिवार्य है। इस अवसर पर रवि कुमार साहू जिला मलेरिया सलाहकार, गौरव मिश्रा जिला समन्वयक पी.सी.आई., जियाउद्दीन बी पी एम, पूजा महोबिया बीसीएम सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी सब-सेंटर सुपरवाइजर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा अभियान की तैयारियों, दवा सेवन की सुरक्षा, प्रतिकूल प्रभाव प्रबंधन तथा समुदाय को जागरूक करने की रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# युवा टीम ने बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती पूजन कर बांटी शिक्षण सामग्री, बच्चों के चेहरे खिल उठे

**बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सेवा भाव के उद्देश्य कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नं 14 के आंगनवाड़ी केन्द्र के जरूरतमंद बच्चों को सहायतार्थ शिक्षण सामग्री पहाड़ा, किताब, पेन्सिल, फलों, मिठाई व आदि का वितरण किया गया।**



बिरसिहपुर पाली उमरिया

शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक अमन गौतम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा केवट, कार्यक्रम संयोजक हिमांशु तिवारी ने विद्या के देवी मां सरस्वती जी की चित्र पटल पर माला अर्पण, पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।माँ शारदे के जन्म पर्व को इस रूप में मनाना जीवन को सार्थक बनाता है। पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ, और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। मानव विकासः शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है। साथ ही बसंत पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य इन बच्चों को भविष्य को साक्षर बनाना ही नहीं बल्कि समाज को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि असहाय व जरूरतमंदों का सहयोग करने से किसी की भी आर्थिक व शारीरिक क्षमता में कमी नहीं आती है बल्कि आर्थिक खजाने में वृद्धि तो होती ही है साथ ही शारीरिक क्षमता में भी बल की वृद्धि होती है। मजदूर वर्ग परिवार के छोटे छोटे बच्चों को मुफ्त में पठन पाठन सामग्री मुहैया कराने के साथ साथ निशुल्क शिक्षा भी दिया जा रहा है, ताकि हमारा समाज विकसित हो इसके साथ साथ गाँव ,शहर और देश विकसित हो।कार्यक्रम के दौरान पाली पुलिस थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय सिंह परिहार ,अमित गौतम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा केवट, सहायिका वंदना चौधरी, कार्यक्रम संयोजक हिमांशु तिवारी,अभिनव द्विवेदी, आंगनबाड़ी बच्चे रियांश कोल,विवेक कोल,मोनी बैगा,राधा गुप्ता,शैलन्द्र कोल ,शिवांशी पासी,वेद कुमार,आलिया कोल,शनि पासी,कार्तिक पासी,अनमोल,अरुण,रसोईया मानवती यादव व सभी उपस्थित रहे।

## बलात्कार एवं अपहरण के 5 वर्षों से फरार इनामी आरोपी की गिरफ्तारी



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के द्वारा पुराने महिला संबंधी प्रकरण मे फरार आरोपी की पता तलास के लिए इनाम उद्घोषित किया गया है और टीम बनाकर आरोपी पता तलास के लिए आदेशित किया गया जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी कोतमा पुलिस के मार्गदर्शन मे थाना बिजुरी पुलिस द्वारा 05 वर्ष से फरार आरोपी की गिरफफ्तारी मे सफलता प्राप्त की गयी। घटना का विवरण इस प्रकार है कि वर्ष 2021 मे थाना बिजुरी क्षेत्रांतर्गत निवासी द्वारा यह रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मेरी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है जिस पर थाना बिजुरी मे अपराध धारा 363 ताहि का कायम कर जाचं की गयी तथा अपह्ता की पता तलाश की गयी जिस पर अपहता को दिनांक 28.03.21 को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गयी जिस पर अपहता द्वारा सामूहिक बलात्कार होने की बात बतायी गई। आरोपियो की पता तलाश की गयी और ०२ आरेपियो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया था परंतु घटना में शामिल आरोपी अभिषेक उर्फ छोटू मिश्रा पिता रविशंकर मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी सेमरा नागपुर थाना पोंडी जिला कोरिया छ.ग. का घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था जिसकी पता तलाश के मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी के नए ठिकाने का पता लगाने के प्रयास किया गया जो आरोपी के अहमदाबाद गुजरात में होने की जानकारी मिली पता तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर गुजरात भेजा गया जो 23 जनवरी को आरोपी को अहमदाबाद से पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जा रहा है। उक्त कार्यवाही मे अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती शाक्य, निरीक्षक विकास सिह, सउनि प्रभाकर पटेल, विपिन बिहारी राय आरक्षक सत्यभान सिह, राकेश चौहान, आनंद कुमार, साइबर सेल से राजेन्द्र अहीरवार तथा पंकज मिश्रा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर किया 6 लाख 5 हजार का मशरुका जप्त

हरिभूमि न्यूज बिजूरी।



पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया है अतः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे बिजुरी पुलिस के द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23 जनवरी को थाना बिजुरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, घेराबंदी कर ट्रेक्टर चालक अमरित सिह गोड पिता करन सिंह गोड उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया को अभिरक्षा मे लिया गया तथा पूछताछ की गयी जिसने वाहन स्वामी अपनी माँ सोहगिया बाई पति करन सिह गोड निवासी पिपरिया का होना बताया रेत परिवहन के संबंध मे कोई वैद्य कागजात न होने से ट्रेक्टर ट्राली को थाना सुरक्षार्था खडा किया गया तथा चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध अपराध धारा 303 (2) बीएनएस 4/21 खनिज अधि. 130/177(3) एमव्ही एक्ट का कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिह, सउनि बृजेश पाण्डेय, आरक्षक मनोज उपाध्याय, विश्वजीत मिश्रा, अभिषेक शर्मा की।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई

बिरसिहपुर पाली उमरिया




नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय विद्यालय एल ई सी एल नौरोजाबाद में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई।इस अवसर पर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के बैनर तले क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई एवं राज्य के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय उमरिया के छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने प्रथम व केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद की छात्रा संस्कृति बरकड़े व छात्र मिसाल मिश्रा ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा

### सामाजिक समरसता, जाति-पांति की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई का अनुपमेय संदेश देने बुढार में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

## भारत विश्व गुरु की परिकल्पना को निश्चित ही करेगा साकार: प्रखर वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी

**बुढार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर बुढार तहसील ग्राउंड में सकल हिंदू समाज द्वारा शनिवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया और देश की जानी-मानी प्रख्यात वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों व गीतों के मध्य सम्मेलन को मुख्यातिथ की आसंदी से संबोधित किया।**






विशाल हिंदू सम्मेलन को "हिंदू शेरनी" प्रख्यात वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी ने संबोधित करते हुये कहाकि - भारत में हमारी उदारता के कारण हम जाति-पांति में बंट गये हैं, जबकि शास्त्रों में जाति-पांति की बात नहीं कही गई है। प्रख्यात वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी ने कहाकि - मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी ने शबरी के जूठे बेर खाकर इसका राष्ट्र के सामने अनुपमेय उदाहरण प्रस्तुत किया।

सकल हिंदू समाज को सामाजिक समरसता तथा सद्भाव का संदेश देने बुढार पधारीं साध्वी सरस्वती जी का पुष्प वर्षा कर भव्य आत्मीय स्वागत किया गया और उनके ओजस्वी विचारों को सुनने नगर के साथ-साथ समीपी ग्रामों का विशाल हुजूम एकत्र रहा।

भारत माँ के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर विशाल हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ किया गया, वहीं मातृ शक्ति द्वारा उनका गदा भेंट कर शाल और श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से विभाग प्रचारक कमलजीत एवं गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा बुढार के ज्ञानी जी की उपस्थिति रही, जिनका शाल पुष्प व श्रीफल से स्वागत किया गया। हिंदू शेरनी साध्वी सरस्वती दीदी ने बुढार की माटी को प्रणाम करते हुये कहाकि - वोट बैंक के कारण अंग्रेजों ने जात-पात में बांट दिया इस खाई को वर्तमान में समूल नष्ट करने के लिये हिंदुओं का जागना होगा, हम सभी हिंदू हैं और यह किसी को छेड़ता नहीं, जो छेड़ता है उसे माकूल जवाब देता हैं। साध्वी सरस्वती जी ने कहाकि - भारत विश्वगुरु की परिकल्पना को निश्चित ही साकार करेगा और सनातन धर्म यह कहता है— "एक हाथ में माला, एक हाथ में भाला हो तो कल्याण है।" साध्वी जी ने कहाकि - हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज का कार्यक्रम है और संघ अपने शताब्दी वर्ष पर सामाजिक समरसता उत्साह मय मना रहा है, संघ ने देश को दिशा दी है। उन्होंने कहाकि - भारत में स्त्रियों को देवी की तरह पूजा गया और संस्कार की वर्तमान में आवश्यकता है और सभी का कर्तव्य है कि - आत्मरक्षा के साथ-साथ संगठित रहकर गौ माता की रक्षा करना है।

हिंदू सम्मेलन के अवसर पर साध्वी सरस्वती दीदी ने अपनी झोली फैलाकर उपस्थित जनों से आह्वान किया कि - प्रत्येक घर से कम से कम एक स्वयंसेवक निकले, वहीं आने वाले समय में कथा के निमित्त बुढार पुनः पधारूंगी। इसके पूर्व विभाग प्रचारक कमलजीत ने विशाल हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहाकि - मां भारती हमारी माँ है और हम उनके संतान हैं, जहां हम सभी नतमस्तक हो जाते हैं। अयोध्या में श्रीराम भक्तों ने ऐतिहासिक मंदिर निर्माण में पुरुषार्थ दिखाया है। श्री कमलजीत ने कहाकि - "सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है", यह राष्ट्रीय पर्व पर गाया जाता है, जबकि हम सभी में यह भाव 365 दिन होना चाहिये।

विशाल हिन्दू सम्मेलन को भव्यता दिलाने श्रीमती शालिनी सरावगी, रविकांत चौरसिया, श्रीमती श्रद्धा सिंह, दौलत मनवानी, पंकज शर्मा, अभिषेक शर्मा, शैलेंद्र सराफ तथा सहयोगियों का सहयोग भरपूर रहा।

कार्यक्रम अवसर पर - विधायक जयसिंह मरावी, रविकांत त्रिपाठी, शशिभूषण, दीपक शर्मा, राकेश पांडेय, योगेंद्र सिंह, रवि रजक, अर्जुन सोनी, मंगेश गुप्ता, विजय तिवारी, विनोद पाठक, बीनू जैन, आशुतोष तिवारी, रोशन तोंदी, रिशु बग्गा, मकरेंद्र गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, पार्षद श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, जूली, रश्मि पाठक सहित हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

## नवज्योति अकादमी विद्यालय में ज्ञान, संस्कृति और प्रतिभा का भव्य संगम



**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय अंतर्गत नवज्योति अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मानपुर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती जी के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, संस्कृति और प्रतिभा का अनुपम संगम बनकर उभरा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य, संगीत, नाट्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।
कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की सशक्त आयोजन क्षमता भी देखने को मिली। वार्षिकोत्सव को देखने हेतु हजारों की संख्या में अभिभावक, अतिथि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। विद्यालय के संचालक अशोक गौतम ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि नवज्योति अकादमी का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। हमारा प्रयास है कि छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उमंग और सकारात्मक संदेशों के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि नवज्योति अकादमी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और प्रतिभा के विकास का सशक्त केंद्र बनकर उभर रही है।

**न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड जयसहिनगर जिला शहडोल (म.प्र.)**
**(पीठासीन अधिकारी-सुश्री लघुता मरकाम)**
**(RCSA 10/2024)**
प्रोसेस आईडी./2024 आरसीएसए 10/2024
पेशी दिनांक 25.02.2026
दुर्गा ........................वादी
बनाम
राजेश व अन्य.......प्रतिवादी गण
प्रेषित-
1-श्री राजेश द्विवेदी पिता स्व. बद्री प्रसाद द्विवेदी उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम बल्हौड़ थाना तह. मानपुर जिला उमरियाँ म.प्र.।02. श्रीमती काशी तिवारी पुत्री स्व. बद्री प्रसाद तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम बरछड़ थाना इन्दवार तह मानपुर जिला उमरियाँ म.प्र.। 03. श्रीमती श्यामा द्विवेदी पुत्री स्व. बद्री प्रसाद द्विवेदी उर्म 53 वर्ष निवासी ग्राम बल्हौड़ थाना तह. मानपुर जिला उमरियाँ म.प्र.।04. श्रीमती मीरा बाई पुत्री स्व. बद्री प्रसाद द्विवेदी उर्म 60 निवासी बड़छड़ थाना इंदवार तह. मानपुर जिला उमरियाँ म.प्र.। 05. श्रीमती पुष्पा मिश्रा पुत्री स्व. बद्री प्रसाद द्विवेदी उम्र ..... निवासी ग्राम परसवारा थाना व तह. विजयराघवगढ़ जिला कटनी म.प्र.। 06. म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर शहडोल म.प्र.।
यह कि प्रार्थी दुर्गा प्रसाद द्विवेदी पिता स्व. राममिलन उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बसही थाना ब्यौहारी व तह. जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे किसी अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजो को जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करे जिस पर अपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजो पर चाहे आपके शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के सर्मथन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो तो ऐसे सभी दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे । आपको सूचित किया जाता है। कि यदि आप उपर बतायी गयी अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटान आपकी अनुपस्थित में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम के माध्यम से कराने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराने यह आज तारीख 23.01.2026. को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाता है।
सील
**(सुश्री लघुती मरकाम)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
कनिष्ठ खण्ड, जयसिंह नगर जिला शहडोल (म.प्र.)

# 33 वें दिन पोड़ी के जंगल पहुंचे तीन हाथी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



तीन हाथियों का दल आज शनिवार को 33 वें दिन अनूपपुर, तहसील थाना वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं वन बीट पोंडी के जंगल में पहुंचकर विचरण कर रहा है हाथियों के विचरण पर वन विभाग निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को हाथियों से बचाव पर कई तरह की अपील की है हाथियों का यह दल नए-नए स्थानो से होकर विचरण कर रहा है। तीन जंगली हाथियों का समूह जो 33 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में निरंतर विचरण करने बाद विगत चार दिनों से अनूपपुर थाना तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्रामीण अंचल गुवारी, अमगवां, छुलहा, भगतबांध होकर शुक्रवार की रात सोन नदी को पार कर ग्राम पंचायत बरबसपुर के भोलगढ़ सीतापुर, बरबसपुर होते हुए शनिवार की सुबह ग्राम पंचायत एवं वन बीट पोंडी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे है तीनों हाथियों द्वारा विगत दो दिनों के मध्य कई किसानों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाया है हाथियों के अचानक ग्रामीण अंचलों में प्रवेश कर विचरण करने से कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जागकर रात बिता रहे हैं वही हाथियों का समूह वन विभाग के गश्ती दल एवं ग्रामीणों को बीच-बीच में चकमा देकर सुनसान इलाकों में रात के समय विचरण करते हुए छुप जाते हैं जिनकी निरंतर खोजबीन पर ही मिल पाते हैं दिन होते ही गुरुवार को हाथी छुलहा के प्राथमिक विद्यालय के पीछे राजस्व क्षेत्र, शुक्रवार के दिन भगतबांध के जंगल के किनारे स्थित राजस्व क्षेत्र में विश्राम करने तथा रात में विचरण करते हुए शनिवार की सुबह पोंडी के जंगल पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं शनिवार की रात तीनों हाथियों का समूह के पोंडी, मानपुर, खांड़ा इलाके में देर रात विचरण करने की संभावना को देखते हुए मुनादी एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत रहने की तथा हाथियों के साथ छेड़खानी नहीं करने,उन्हें परेशान नहीं करने, हाथियों की सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत एवं वन विभाग को तत्काल सूचना दिए जाने की अपील वन विभाग द्वारा की गई है हाथियों के द्वारा विगत रात बर्री गांव के संतोष पिता धनपत राठौर के खेत में लगे मटर, भगतबांध गांव के भीखू पिता बोधा राठौर के बांडी की बाउंड्रीबाल को तोड़ कर नुकसान पहुंचाते, सुशीला पति नंदलाल राठौर, कुंजल एवं देवमन पिता दशरथ राठौर के खेतों में लगी मटर टमाटर आलू गेहूं अरहर सहित अन्य तरह की फसलों को विगत रात खाकर चल कर नुकसान पहुंचा है।

## वित्तीय अधिकारों के अभाव से जूझ रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासी



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासी, विकासखंड अनूपपुर में रोगी कल्याण समिति एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सीमित वित्तीय अधिकार होने के कारण अस्पताल संचालन में गंभीर व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने आ रही हैं। इस संबंध में पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह परासी ने शासन एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए विस्तृत आवेदन प्रस्तुत किया है। पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह परासी ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि अस्पताल स्तर पर दैनिक प्रशासनिक कार्यों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल निर्णय लेने में सबसे बड़ी बाधा वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया है। वर्तमान व्यवस्था में प्रत्येक छोटे-बड़े व्यय के लिए बीएमओ कार्यालय अथवा लेखा शाखा से अनुमति लेना अनिवार्य है। जिससे समय पर आवश्यक सहयोग नहीं मिल पाता।

**आपात सेवाओं पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव-** पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह परासी के अनुसार, त्वरित वित्तीय निर्णय न हो पाने के कारण आपातकालीन स्थितियों में रोगी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। दवाइयों, वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक सामग्री के परिवहन, साथ ही आपातकालीन रेफरल के लिए वाहनों की ईंधन व्यवस्था में भी विलंब की स्थिति बन रही है।





























